## सार-समाचार

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुण्यतिथि मनाई

**जोधपुर**, (कासं)।जनसंघ के संस्थापक, चिन्तक एवं शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि सोमवार को भाजपा द्वारा श्रद्धापूर्वक मनाई गई। भाजपा के शहर जिलाध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल के नेतृत्व में मानजी का हत्था पावटा स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी पार्क में भाजपा पदाधिकारी, मोर्चा, मण्डलों व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा के संभाग मीडिया प्रभारी जगदीश धाणदिया ने बताया कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा की तरफ से श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा को नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं से डॉ. मुखर्जी के सिद्धांतों पर चलने का आ ान किया। उन्होंने डॉ. मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी द्वारा जनसंघ के समय जो पौधा रूपी बीज बोया वह आज भाजपा के रूप में विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। अब डॉ. मुखर्जी के आदर्शों व सिद्धांतों पर चलकर देश को आगे बढ़ाना है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय व डॉ. मुखर्जी अमर रहे के नारे लगाए। कार्यक्रम में पूर्व सांसद जसवंत सिंह विश्नोई, शहर विधायक अतुल भंसाली, सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी सहित भाजपा के कई जिला पदाधिकारी, पार्षद, पदाधिकारी व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### गुड़ामालानी में पेंशनरों ने ज्ञापन दिया

**गुड़ामालानी**, (कासं)। गुड़ामालानी ब्लॉक पर पेंशनरों ने केन्द्र सरकार के खिलाफ भारी नाराजगी जाहिर करते हुए उपखंड अधिकारी केशव कुमार मीणा एवं तहसीलदार को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पेंशनरों ने ज्ञापन देकर बताया कि केंद्रीय सिविल सेवा नियमों ओर भारत की संचित निधि से पेंशन देनदारियों पर व्यय के सिद्धांतों के वैधकरण से सम्बंधित विधेयक माननीय सांसद से पारित हो जाने के फलस्वरूप केन्द्र सरकार को पुर्व पेंशनरों ओर वर्तमान पेंशनरों में विभेद करने का अधिकार प्राप्त हो गया है एवं कहा कि इस प्रकार केंद्र सरकार के द्वारा पूर्व पेंशनरों एवं वर्तमान पेंशनरों में भेद करने के अधिकार प्राप्त करने से न केवल माननीय उच्च न्यायालय के विभिन्न निर्णयो का उल्लघंन होता है । पेंशनरों ने कहा कि मामले में पुर्नविचार कराते हुए ऐसी व्यवस्था कराने का कष्ट करें। जिससे पुर्व प्रदत्त सुविधाओं से वंचित न रह सके। ज्ञापन के दौरान गुड़ामालानी ब्लांक के सभी पेंशनरों ने भाग लिया। वही सेवा नियुक्त अध्यापक एवं पेंशनर समाज ब्लांक सचिव गनी खान मोयला जो कुछ दिन पुर्व हज कि यात्रा कर वापस गुड़ामालानी आने पर सभी पेंशनरों ने गनी खान का साफा पहनाकर स्वागत किया।

### खेत पर करंट से दो कृषकों की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। निकटवर्ती मथानिया क्षेत्र में खेत पर कार्य करते करंट लगने से दो कृषकों की मौत हो गई। पुलिस ने इस बारे में मर्ग की कार्रवाई कर शव परिजन को सुपुर्द किया। मथानिया पुलिस ने बताया कि जेलू निवासी पप्पूराम मेघवाल की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसका रिश्तेदार मेघवालों का बास, जेलू निवासी 24 वर्षीय श्यामलाल मेघवाल रविवार की सुबह खेत पर कार्य कर रहा था। तब उसे करंट लग गया। इस पर उसे अस्पताल ले जाया गया। मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। दूसरी तरफ नेवरा रोड पर कृषि कार्य करते रिणिया मथानिया निवासी 29 वर्षीय ओमप्रकाश पुत्र खेमाराम जाट को करंट लग गया। इस पर उसे पहले अस्पताल ले जाया गया। मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। उसके भाई सोहनराम ने मथानिया थाने में मर्ग में रिपोर्ट दी।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी

**आहोर**, (निसं)। शहर के भाजपा कार्यालय में भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुखर्जी की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके भाजपा के वरिष्ठ नेता गेनाराम मेघवाल , नेमीचंद रावल, मंडल अध्यक्ष किशोर सिंह व महामंत्री कानाराम दमामी ने मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। मंडल अध्यक्ष किशोर सिंह ने लोकतंत्र सेनानी गेनाराम मेघवाल व सभा संयोजक बिशनसिंह सोलंकी का साफा पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष महेन्द्र सिंह जोगावा, हेमाराम प्रजापत, लीला देवी, महामंत्री रिखबेश सुथार , कोषाध्यक्ष अशोक सुथार तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता किशन प्रजापत, गोवर्धन सिंह राजपुरोहित,गजेंद्र सिंह मांगलिया सूर्यपाल सिंह, मिठालाल, खेत सिंह चारण, ललिता शर्मा, टीकमाराम मीणा, महेंद्र राकावत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आपत्तिजनक फोटो मामले में गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के भीतरी क्षेत्र में एक महिला की आपत्तिजनक फोटो को वीडियो में कनवर्ट करने और फिर उसे वायरल करने की धमकी देने वाले शख्स को पुलिस ने आईटी एक्ट में गिरफ्तार किया है।आरोपी पूर्व में रोडवेज बस स्टेण्ड में चालक पद पर कार्यरत था और हाल में अपने घर ही है। पुलिस उससे पूछताछ में जुटी है। सदर कोतवाली थाने में 21 जून को एक महिला की तरफ से रिपोर्ट दी गई थी। इसमें बताया कि एक शख्स इलेक्ट्रानिक मीडिया के जरिए उसकी आपत्तिजनक फोटो को वीडियो में कनवर्ट कर दिया है और वह वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी शक्ति नगर पावटा सी रोड निवासी हिम्मत सिंह चारण को पकड़ा है।

### दो बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**जोधपुर**, (कासं)।फलोदी जिला मुख्यालय से करीब बीस किलोमीटर दूर आमला और एसएस नगर के बीच रविवार रात हादसा हो गया। दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। चेनपुरा निवासी दूलेखां पुत्र इस्माइल खां की मौत हो गई, इलमदीन पुत्र मेहरदीन गंभीर घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया। पुलिस ने बताया कि आमला फांटा से कुछ दूरी पर दोनों बाइक की टक्कर में दो लोग घायल हुए थे, जिनमें से एक ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया।

### पेंशनर समाज सायला ने ज्ञापन दिया

**सायला**, (निसं)। राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा सायला द्वारा सोमवार को प्रधानमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी सायला के मार्फत ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि केन्द्रीय सिविल सेवा (पेन्शन) नियमों और भारत की संचित निधि से पेंशन देनदारियों पर व्यय के सिद्धान्तों के वैद्यकरण से संबंधित विधेयक संसद से पारित हो जाने के फलस्वरूप केन्द्र सरकार को पूर्व पेंशनरों और वर्तमान पेंशनरों में विभेद करने का अधिकार भी प्राप्त हो गया है। इस दौरान उपशाखा अध्यक्ष खंगाराराम जीनगर, हनुवन्तसिंह राजपुरोहित, फतेहसिंह चंपावत, पारसमल शर्मा, मुन्नीलाल दवे, मोहनसिंह, जयन्तिलाल त्रिवेदी, पहाडसिंह, घनश्याम जीनगर, घेवरचंद राठौड, गोपाराम, डुंगाराम गर्ग मौजूद रहे।

### अभद्र व्यवहार को लेकर ज्ञापन दिया

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान विद्युत वितरण निगम लिमिटेड सांकड़ के सहायक राजस्व अधिकारी दिनेश कुमार के साथ कनिष्ठ अभियंता हरिकेश मीणा आयोजित 19 जून को सांकड़ कार्यालय में किए गए अभद्र व्यवहार और मारपीट के प्रयास का विरोध करते हुए, इनके खिलाफ उचित कठोर कार्रवाई की मांग करते राजस्थान विद्युत लेखा संघ के जिलाध्यक्ष विनोद आर्य के नेतृव में अधीक्षण अभियंता जालौर को ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर धीरज दवे, उत्तम कुमार सहायक लेखा अधिकारी ,इमरान अली सचिव, जितेंद्र कुमार , महेंद्र बेरवा सहित कई जने उपस्थित रहे।

### बालश्रम पकड़ा, बच्चे को कराया मुक्त

**जोधपुर**, (कासं)। बासनी औद्योगिक क्षेत्र सांगरिया में एक कारखाने में कार्य करते बालक को पुलिस ने बालश्रम से मुक्त करवाया। मालिक के खिलाफ जेजे एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया। बासनी थाने के एसआई सुरेश कुमार को सूचना मिली कि सांगरिया स्थित सूर्यवंशी मैन्युफेक्चरिंग में बच्चें से श्रम करवाया जा रहा है। इस पर पुलिस ने वहां रेड दी। वहां कार्य कर रहे एक बच्चें को मुक्त करवाया गया। कारखाने के मालिक राजकुमार सुथार के खिलाफ जेजे एक्ट में प्रकरण बनाया गया।

### प्राध्यापक एवं कोच भर्ती परीक्षा शुरू

**जोधपुर**, (कासं)।राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) द्वारा आयोजित स्कूल व्याख्याता एवं कोच (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2024 का आगाज सोमवार को हो गया। यह परीक्षा चार जुलाई तक चलेगी। अभ्यर्थियों की अधिक संख्या को ध्यान में रखते हुए परीक्षा को चार समूहों में आयोजित किया जा रहा है।

# जाला मीणा की प्रतिमा लगाने की मांग, प्रदर्शन की चेतावनी दी

**जालोर**, (कासं)। मीणा समाज ने जालोर में स्थान चिह्नित कर जाला मीणा की प्रतिमा लगाने की मांग को लेकर सोमवार को जिला कलैक्टर डॉ.प्रदीप के .गावंडे को ज्ञापन सौंपा।

समाज के लोगों ने बताया कि योद्धा जाला मीणा का जालोर को बचाने में अहम योगदान था। मांग को लेकर मीणा समाज के लोग बड़ी तादाद में इक्कट्ठा होकर ज्ञापन देने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंच गए।

इसके साथ ही मीणा समाज के लोगों ने नौसरा थाना निवासी 3 परिवार की जमीन हड़पने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की। जालोर, सिरोही व पाली गौतम ऋषि ट्रस्ट के उपाध्यक्ष छगनलाल मीणा ने बताया कि दोपहर 12 बजे मीणा समाज के लोग जिला कलेक्टर डॉ प्रदीप के. गवांडे से मिले और मांगों का ज्ञापन दिया।



जालोर में मीणा समाज ने जाला मीणा की प्रतिमा स्थापित करने की मांग का कलैक्टर डॉ. प्रदीप के . गावंडे को ज्ञापन सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

ज्ञापन में बताया कि जाला मीणा का नाम जालोर के इतिहास से जुड़ा है। जालोर को बचाने में उनका बड़ा योगदान था। इतने बड़े योद्धा के नाम से जालोर में कोई स्थल नहीं है। किसी चौक चौराहे या रास्ते का नाम भी जाला मीणा के नाम पर नहीं है। अब समाज के लोग शहर में प्रमुख स्थान पर जाला मीणा की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की गई प्रतिमा स्थापति नही होने पर कलैक्ट्रेट के समक्ष धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी। छगनलाल मीणा ने बताया कि समाज के तीन परिवारों की जमीन हड़पने के मामले में कार्रवाई की भी मांग की गई है। शहर के रूपनगर में स्थित मीणा समाज के प्रतापाराम के नाम से 36 बीघा जमीन थी। इसे लेकर उमाराम पुत्र पीराराम, देवाराम पुत्र दानाराम व फलाराम पुत्र पीराराम ने पुष्पराज बोहरा पर जबरदस्ती फर्जी दस्तावेज के बलबूते जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। लोगों ने ज्ञापन में बताया पुष्पराज बोहरा ने दलित समाज की कई जमीन भी हड़पी हैं। उसका कहना है कि मीणा समाज के लोगों की यह जमीन खरीद कर ली है, लेकिन समाज ने आरोप लगाया दलित समाज की जमीन दूसरे समाज का व्यक्ति नहीं खरीद सकता। फिर यह जमीन कैसे खरीदी है। इसकी जांच कर न्याय दिलाने की मांग की है।

## प्रकाश आर्य को अध्यक्ष चुना

**रेवदर**, (निसं)। जीनगर समाज सेवा संस्थान ने चुनाव को लेकर आर्य समाज मंदिर में बैठक की। संस्थान सचिव राजेन्द्र सोलंकी ने पिछली बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाई। पूर्व अध्यक्ष मांगीलाल गोयल ने पिछले कार्यकाल की जानकारी दी।

संस्थान के ऑडीटर अविनाश गोयल ने आय-व्यय ब्यौरा प्रस्तुत किया एवं समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रकाश आर्य ने आभार जताया एवं संगठन में एकता बनाये रखने की बात कही । पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल गोयल ने बताया की जीनगर समाज का संगठन पिछले 45 वर्षो से कार्यकर रहा है। पूर्व में कई तरह की रूढीवादी कुरूतिया थी जिसे संगठन के माध्यम से समाप्त की गई । आज समाज के बेटे-बेटीयां उच्च शिक्षा प्राप्त कर उच्च पदो पर सेवाएं दे रहे है यह हम सब के लिए गौरव की बात है। चुनाव से पूर्व आमसभा की सहमति से संरक्षक मण्डल बनाया गया। जिसमें बाबूलाल गोयल, मांगीलाल गोयल, मोतीलाल आर्य का नाम प्रस्तावित किया गया। चुनाव अधिकारी मोतीलाल आर्य के अनुसार सभी सदस्यों की सहमति से चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुए। जिसमें अध्यक्ष- प्रकाश आर्य, उपाध्यक्ष कैलाश जीनगर, सचिव राजेन्द्र सोलंकी, सहसचिव - मुकेश राठौड, एवं कल्पेश गोयल कोषाध्यक्ष- शंकरलाल गोयल भण्डाराध्यक्ष मदनलाल सोनगरा प्रचार मंत्री सुरेश सोलंकी, दिलीप आसेरी , ऑडिटर अविनाश गोयल, कार्यकारिणी सदस्य मोतीलाल गोयल, अशोक बोराणा, हिरालाल गोयल, गौरव आर्य, हेमराज चौहान को लिया गया।

# मादक पदार्थ एमडी सहित पांच जने गिरफ्तार



गुड़ामालानी थाना पुलिस ने मादक पदार्थ एमडी के साथ पांच जनों को गिरफ्तार किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**गुड़ामालानी**, (कासं)। गुड़ामालानी थाना पुलिस ने बाड़मेर जिले भर में चल रहे मादक पदार्थ तस्करी रोकथाम अभियान के तहत एनडीपीएस के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 34.80 ग्राम अवैध एमडी के साथ 5 युवकों को गिरफ्तार किया।

सीआई देवीचंद ढाका ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस जोधपुर के निर्देशन एवं जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीना के आदेश अनुसार जिले भर में चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध अभियान के तहत आलपुरा व जुगताणियो कि ढाणी जाने वाले मुख्य सड़क पर गस्त के दौरान भरत कुमार पुत्र सुजानाराम मेघवाल निवासी भाखरपुरा, गिरधारीराम पुत्र कालूराम मेघवाल निवासी बांटा, प्रकाश पुत्र हेमाराम मेघवाल निवासी खरड़, सुखदेव पुत्र बिजलाराम मेघवाल निवासी बाराषण, दिनेश कुमार पुत्र नेनाराम मेघवाल निवासी खरड़ धोरीमन्ना के कब्जे से 34 ग्राम 80 मिली ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी बरामद की। वहीं अवैध मादक पदार्थ परिवहन में स्विफ्ट कार व बिना नम्बर कि मोटरसाइकिल जब्त की।

इस दौरान सीआई देवीचंद ढाका, चेतन राम कानि., हापुराम कानि, पप्पुराम कानि., छताराम कानि.., शैतानसिंह कानि.,भंवराराम कानि., वहीं डीएसटी टीम प्रभारी महिपाल सिंह, प्रेमाराम, हरलाल पुनिया, विरेन्द्र चौधरी, आईदान सिंह स्वरूपसिंह चालक, नखतसिंह, दिनेश कुमार कमाण्डो साथ रहे।

## अमर्यादित पोस्ट मामले में एक जना गिरफ्तार

**जैसलमेर/पोकरण**, (नि.सं.)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सोशल मीडिया पर अमर्यादित पोस्ट शेयर करने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। इस गिरफ्तारी के बाद रविवार रात 11 बजे पोकरण पुलिस थाने के सामने भारी संख्या में लोग जमा हो गए। पुलिस ने भीड़ को तत्काल कार्रवाई करते हुए खदेड़ दिया।

पोकरण डिप्टी भवानीसिंह के अनुसार, भीड़ जुटाने का मुख्य आरोपी सरपंच पति फिरोज खान था। उन्होंने शराब के नशे में लोगों को गलत जानकारी देकर भीड़ एकत्र की। पुलिस ने फिरोज खान और उसके सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया है।

जैसलमेर एसपी सुधीर चौधरी रात में पोकरण पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए । एसपी ने जनता से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर अमर्यादित पोस्ट या कमेंट करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि अन्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है। टीमें गठित कर बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कारवाई जारी है।

# गजेंद्र सिंह बादनवाड़ी अध्यक्ष मनोनीत किया



जालोर प्रॉपर्टी कंसलटेंट एसोसिएशन की आनंद विहार में आयोजित बैठक में गजेंद्रसिंह बादनवाड़ी को अध्यक्ष मनोनीत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर प्रॉपर्टी कंसलटेंट एसोसिएशन की सोमवार को आनंद विहार में बैठक आयोजित हुई, जिसमें गजेंद्रसिंह बादनवाड़ी को निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

इस दौरान बादनवाड़ी ने कहा कि प्रॉपर्टी कंसलटेंट की जमीन से सम्बंधित लीगल मेटर में मदद की जाएगी। संगठन में शक्ति है और सभी संगठित होकर काम करेंगे और लीगल मैटर में एक दूसरे की मदद करेंगे। जालोर शहर में प्रॉपर्टी कंसलटेंट के संगठन की अभी जरूरत थी। फुलाराम प्रजापत, सुरेश चौधरी थावला, अर्जुन चौधरी, विजय भाई, रमजान भाई, मंगलाराम सोलंकी, योगेश दवे, हरिसिंह राव, हरीश गहलोत, दिनेश गोयल, राजू सोनी, प्रवीण सुथार, हंजाराम आदि मौजूद थे।

# अधिकारियों की वजह से विकास कार्यों में पिछड़ रहे हैं : पटेल

**जोधपुर**, (कासं)। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने विकास कार्यों में पिछड़ने पर अधिकारियों को जिम्मेवार बताया है। उन्होंने कहा कि जोधपुर में अधिकारी निरंकुश है, इसलिए जिला पिछड़ रहा है। यह बात उन्होंने आज सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत में कही।

विकास कार्यों एवं अन्य मामलों में पिछड़ते जोधपुर को लेकर सवाल पर मंत्री ने कांठोस के पूर्व उपमुख्यमंत्री पायलट का राग अलापते हुए कहा कि जोधपुर में अधिकारी निरंकुश हो गए हैं। इसीलिए जोधपुर जिला पिछड रहा है।

उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठकें होती हैं लेकिन धरातल पर कार्य नहीं हो रहा है क्योंकि अधिकारी काम नहीं करते है। कल मैंने स्वयं ने जो हालात देखे हैं, उसके बाद मौके पर ही रीको, नगर निगम व जेडीए अधिकारियों को बुलाकर पांच दिन का समय दिया है। पांच दिन में नालों की सफाई के लिए कहा ताकि बारिश के मौसम में सीवरेज व केमिकल का पानी जोजरी नदी में नहीं जाए। शहर में हो रही जलभराव की स्थित पर मंत्री ने कहा कि रोड निर्माण और जलभराव के कारण काफी परेशानी हो रही हैं लेकिन नाले का काम पूरा करने में वक्त लगेगा, तो इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

- **समीक्षा बैठकें होती हैं लेकिन धरातल पर कार्य नहीं हो रहा है क्योंकि अधिकारी काम नहीं करते है : पटेल**

डॉ. किरोड़ी मीणा के एक्टिव होने के सवाल पर मंत्री पटेल ने कहा कि सभी मंत्री एक्टिव हैं। सब अपना अपना काम कर रहे हैं। कोई फील्ड में तो कोई ऑफिस में काम कर रहा है। कांठोस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि यह कांठोस सरकार के समय का भ्रष्टाचार है। उसे हटाने में समय लगेगा लेकिन हमारे सभी मंत्री काम कर रहे हैं।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े की तैयारियों की समीक्षा

**जोधपुर**, (कासं)। पंचायत समिति लूणी के सभागार में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े की तैयारियों की गहन समीक्षा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि यह पखवाड़ा प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का जनसेवी अभियान है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में आयोजित शिविरों की कार्ययोजना प्रभावशाली, समन्वित और समयबद्ध हो तथा सभी विभाग समर्पित भावना से इसमें सहभागी बनें।

पटेल ने निर्देश दिए कि हर शिविर में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से समुचित पुलिस जाब्ता तैनात किया जाए और आमजन की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क अनिवार्य रूप से स्थापित हो। उन्होंने कहा कि रास्ता खोलो अभियान अंतर्गत विभागीय समन्वय आवश्यक है और संबंधित विभाग नियमित मॉनिटरिंग कर इसकी प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने डिजिटल स्तर पर लंबित त्रुटियों के त्वरित सुधार की आवश्यकता जताई और कहा कि डीओआईटी के साथ-साथ अन्य विभागों को भी शिविर संचालन के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि तकनीकी त्रुटियां न्यूनतम हो।

पटेल ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिविर में अपने विभाग की आत्म समीक्षा करें, जिससे योजनाओं का लाभ आमजन को सुगमता से प्राप्त हो। पटेल ने लूणी क्षेत्र के सभी विद्यालयों में विद्युतीकरण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे उनसे संपर्क कर शीघ्र पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

पटेल ने अंत्योदय पखवाड़े के साथ ही आगामी हरियालो राजस्थान कार्यक्रम की ओर भी ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ जिला स्तर पर समुचित पौधारोपण की कार्य योजना तैयार करें, जिससे पर्यावरणीय सुदृढ़ता के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता भी सुनिश्चित हो।

बैठक में जानकारी दी गई कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा 24 जून से 9 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रत्येक तहसील में प्रतिदिन दो से तीन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, जलदाय, कृषि, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, सामाजिक न्याय व अन्य विभागों की 60 से अधिक जनोपयोगी सेवाएं शिविरों के माध्यम से नागरिकों तक पहुंचाई जाएंगी। नोडल सेल द्वारा शिविरों की सघन मॉनिटरिंग की जाएगी और पोर्टल पर प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

पटेल ने कहा कि यह अभियान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उस भावना का प्रतिरूप है, जिसमें शासन अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचकर उसकी समस्याओं का यथास्थान समाधान करता है।

पटेल ने अधिकारियों से कहा कि वे इस अभियान को सेवा, समर्पण और पारदर्शिता के साथ लें, जिससे पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन को धरातल पर साकार किया जा सके।बैठक में उपखंड अधिकारी जोधपुर (दक्षिण) पंकज कुमार जैन, उपखंड अधिकारी लूणी पुखराज कंसोटिया, जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी गणपत सुथार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एन.सी.बी. के साइक्लोथॉन का उम्मेद राजकीय स्टेडियम पर समापन

**जोधपुर**, (कासं)। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) जोधपुर द्वारा नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अवसर पर 23 जून को साइक्लोथॉन (साइकिल रैली) का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नशा मुक्त भारत के संकल्प को और अधिक सशक्त बनाने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए आयोजित किया गया।

एनसीबी पूरे भारतवर्ष में 12 जून से 26 जून 2025 तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा मना रहा है, जिसका उद्देश्य मादक पदार्थों के सेवन और तस्करी के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाना, युवाओं को शिक्षित करना, तथा सामूहिक सहभागिता के माध्यम से एक सशक्त संदेश देना है।

इस क्रम में जोधपुर जोनल यूनिट द्वारा आयोजित इस साइक्लोथॉन में लगभग 250 साइकिल चालकों ने भाग लिया, जिनमें विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं, छात्र संगठनों, युवा समूहों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जागरूक नागरिकों की प्रभावशाली उपस्थिति रही। इस साइक्लोथॉन में पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारियों ने भी भाग लिया।

पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह, आईजी विकास कुमार, डीसीपी वेस्ट राजर्षि राज, मुकेश भारतीया चेयरमैन मारुधर ठाामीण बैंक, कर्नल (सेनि) बलदेव सिंह चौधरी, रेलवे अस्पताल अधीक्षक डॉ. बुनकर, एमएल पारीक विशेष लोक अभियोजक आदि उपस्थित रहे। आज सुबह एनसीबी जोधपुर कार्यालय 18-ई, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड से यह साइक्लोथॉन की गई जिसे झंडी दिखाकर अधिकारियों द्वारा रवाना किया गया। समापन स्थल उम्मेद स्टेडियम पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया।

एनसीबी के जोनल डायरेक्टर घनश्याम सोनी ने इस अवसर पर मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला और मानस हेल्पलाइन (टोल फ्री नंबर) के माध्यम से ड्रग्स की स्मगलिंग बाबत सूचना देने का आहवान किया। आईजी विकास कुमार ने सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई तथा युवाओं को समाज में परिवर्तन का अग्रदूत बनने के लिए प्रेरित किया।

# खुशबू राजपुरोहित प्रकरण की निष्पक्ष जांच मांगी

**पाली**, (नि.सं.)। खुशबू राजपुरोहित धर्मधारी की मृत्यु मामले को लेकर राजपुरोहित समाज व सर्व समाज ने पाली जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा।

रणवीर सिंह धर्मधारी पाली ने बताया कि खुशबू राजपुरोहित पुत्री गंगासिंह धर्मधारी की शादी आज से 11 महीने पहले डोली गांव निवासी भोमसिंह पुत्र नारायण सिंह से हुई थी। आरोपी भोमसिंह हनुमानगढ़ जिले के रावतसर में मिठाई की दुकान चलाता है। 16 जून को दोपहर करीब 3 बजे हमारी बहन को उसके पति आरोपी भोमसिंह ने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर बेहरमी से मारकर पीटते हुए उसकी हत्या कर फांसी पर लटका दिया। खुशबू के हाथ पर, आंखों पर पेंट पर मुंह पर शरीर के हर एक जगह पर अलग-अलग घाव के निशान है। आरोपी द्वारा हत्या करके न तो लड़की के परिवार को सूचना दी और ना ही स्थानीय पुलिस प्रशासन को, खुद अकेले आरोपी बॉडी को लेकर डोली गांव पहुंचा। जहां पर लड़की के परिवार पर दबाव बनाते हुए आनन फानन और जल्दबाजी में बिना पोस्टमार्टम बॉडी का अंतिम संस्कार किया और लड़की के पिता को धमकी दी कि आपकी दूसरी बच्ची भी यहां पर आती है इसका भी यही हाल होगा। लड़की का पिता एक गरीब मजदूर व्यक्ति है जो धर्मधारी गांव में गाजण माता मंदिर पर किराणे का ढाबा है।

न्याय की मांग को लेकर राजपुरोहित समाज के युवा नारे लगाते हुए सैकड़ो की संख्या में पहुंचे और उन्होंने पीड़ित परिवार को निष्पक्ष न्याय देने की मांग की।

इस मौके पर महावीर सिंह सुकरलाई, शिशुपाल सिंह निंबाडा, चुनीलाल सिंह चाड़वास, चंद्रभान सिंह तालकिया, भरत सिंह, पिंटू सिंह, दिपक सिंह, सुरेश नोरवा, नरपत सिंह, घीसुसिह रूपावास, गणपत सिंह आऊवा, नरेन्द्र सिंह तालका, नरपत सिंह ढढोरा, अचल सिंह पाचपदरीया सहित बड़ी संख्या में धर्मधारी ग्रामवासी, राजपुरोहित समाज व सर्व समाज के लोग मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर का विरोध

**पाली**, (नि.सं.)। पाली जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अजीज दर्द के नेतृत्व में जिला कलेक्टर के मार्फत राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें प्राईवेट कम्पनियों द्वारा लगाये जा रहे बिजली के स्मार्ट मीटरों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्ञापन में बताया कि राजस्थान राज्य एवं पाली जिले में प्राईवेट कम्पनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू किया जो सरकारी लैब में भी टेस्ट नहीं हुए हैं।